## 26254 - तवाफ़े इफ़ाज़ा के समाप्त होने का समय

**प्रश्न**

तवाफ़े इफ़ाज़ा का समय कब समाप्त होता है ?

**विस्तृत उत्तर**

हर प्रकार की प्रशंसा और गुणगान केवल अल्लाह तआला के लिए योग्य है।.

तवाफ़े इफ़ाज़ा का समय कमज़ोरों और उनके समान स्थिति वाले लोगों के लिए क़ुर्बानी की रात को आधी रात के बाद से शुरू होता है, और इसके अंत के लिए कोई निर्धारित समय नहीं है। लेकिन हाजी के लिए बेहतर यह है कि वह अपनी यथा शक्ति तवाफ़े इफ़ाज़ा करने में जल्दी करे। परंतु उसे अपने आप पर दयालु होना चाहिए और ऐसे समय को चुनना चाहिए जब मताफ़ (तवाफ के स्थल) में कम भीड़ होती है ; ताकि वह किसी को कष्ट न पहुँचाए और न दूसरों के द्वारा उसे कष्ट पहुँचे।

और अल्लाह तआला ही तौफ़ीक़ प्रदान करने वाला है। तथा अल्लाह की दया और शांति अवतरित हो हमारे पैगंबर मुहम्मद, उनके परिवार और साथियों पर।